# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

# Q. राजस्थान के किस जिले में कुम्भा बायोलॉजिकल पार्क विकसित किया जाएगा?

(A) उदयपुर

**(B) चित्तौड़गढ़**

(C) बांसवाड़ा

(D) प्रतापगढ़

राजस्थान की वित्त मंत्री दिया कुमारी ने बजट 2026-27 में चित्तौड़गढ़ जिले के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं।

चित्तौड़गढ़ दुर्ग की तलहटी में गांधीनगर के स्मृति वन से मोहर मंगरी तक लगभग 35 हेक्टेयर क्षेत्र में कुम्भा बायोलॉजिकल पार्क विकसित किया जाएगा। बजट: 31 करोड़ रुपए

यह पार्क पर्यावरण संरक्षण और पर्यटन दोनों के लिए महत्वपूर्ण होगा।

चित्तौड़गढ़ शहर के बीचों-बीच बहने वाली गंभीरी नदी पर अब रिवर फ्रंट विकसित किया जाएगा। स्थान: पन्नाधाय सेतु से महाराणा प्रताप सेतु के बीच बजट: 20 करोड़ रुपए

## Yesterday Revision

01. राजस्थान सरकार द्वारा हाल ही में लाडो प्रोत्साहन योजना का पोर्टल जारी किया गया है

02. पक्षियों के पैरों में छल्ले पहनाने के लिए चर्चित राजस्थान के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में 42 साल बाद 'बर्ड रिंगिंग' अभियान शुरू हुआ है।

03. जोधपुर में करीब 400 करोड़ रुपये की लागत से पश्चिमी राजस्थान का पहला अत्याधुनिक रीजनल कैंसर इंस्टीट्यूट बनाने की घोषणा की थी।

04. राजस्थान सरकार ने वृक्ष संरक्षण अधिनियम' का प्रारूप तैयार करने के लिए समिति का गठन किया है।

05.  चूरू जिला खेल स्टेडियम का नाम 1971 के युद्ध के नायक लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़ के नाम पर रखने का ऐलान किया।

1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) राजस्थान बजट 2026-27 में वन और पर्यावरण संरक्षण के लिए 'प्रोजेक्ट पृथ्वी शुरू किया गया है

(B) योजना के तहत 3,200 करोड़ का प्रावधान किया गया

सही विकल्प चुनिए:

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान बजट 2026-27 में वन और पर्यावरण संरक्षण के लिए 'प्रोजेक्ट पृथ्वी' (PRITHWI - Project for Resilient and Integrated Terrestrial Habitat and Wildlife) योजना शुरू की गई है, जिसके लिए ₹1,500 करोड़ का प्रावधान किया गया है।
- इसका मुख्य उद्देश्य वन्यजीव संरक्षण, मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करना और पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत बनाना है।
- भारत ने राजस्थान और गुजरात में लगभग 1.29 मिलियन मीट्रिक टन दुर्लभ पृथ्वी ऑक्साइड वाले 3 कठोर चट्टानी दुर्लभ पृथ्वी भंडार की पहचान की है।

02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—

(1) 16 फरवरी से 28 फरवरी तक "प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान-2026" आयोजन किया गया

(2)राज्यभर से लगभग 39 हजार किलोग्राम प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया गया

सही विकल्प चुनें

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत 16 फरवरी से 28 फरवरी तक "प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान-2026" आयोजन किया गया। का
- मुख्यमंत्री द्वारा पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने की सोच ने इस अभियान को नई ऊर्जा प्रदान की, जिसके चलते प्रदेश के लाखों लोगों ने उत्साहपूर्वक अभियान में भागीदारी निभाई तथा अभियान को राज्यभर में अभूतपूर्व जनसमर्थन मिला।
- अभियान के दौरान 18 लाख 61 हजार प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई तथा राज्यभर से लगभग 39 हजार किलोग्राम प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया गया

**03. हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजस्थान में राज्य स्तरीय पन्नाधाय सुरक्षा पुरस्कार किसे प्रदान किया गया है?**

(A) चेतना भाटी

(B) रूमा देवी

(C) आरती डोगरा

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- चेतना भाटी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हनुमानगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में अतिरिक्त राज्य स्तरीय पन्नाधाय सुरक्षा 21000 के नगद पुरस्कार, प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।
- यह पुरस्कार उन्हें महिलाओं और बालिकाओं के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दिया गया है। वे वर्तमान में सीआईडी एसएसबी जोन उदयपुर में कार्यरत हैं। इन्हें पूर्व में दो बार डीजीपी डिस्क से सम्मानित किया जा चुका है। मुख्यमंत्री के द्वारा योग्यता प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया है। वे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नारे के लेखन, महिला सशक्तिकरण जैसे प्रयासों के लिए भी विभिन्न संस्थाओं से सम्मानित हो चुकी हैं।

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) विधानसभा में राजस्थान पंचायतीराज संशोधन विधेयक-2026 पारित हो गया।

(2)अब दो से अधिक संतान वाले भी पंचायतीराज चुनाव लड़ सकेंगे

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- विधानसभा में 9 मार्च को राजस्थान पंचायतीराज संशोधन विधेयक-2026 पारित हो गया। अब दो से अधिक संतान वाले भी पंचायतीराज चुनाव लड़ सकेंगे।
- इस विधेयक में राजस्थान पंचायतीराज कानून की धारा 19 में संशोधन किया गया है। धारा 19 में पंचायतीराज चुनाव लड़ने के लिए दो से ज्यादा बच्चों की बाध्यता का प्रावधान हटाया गया है।
- अब वार्ड पंच, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य, प्रधान और जिला प्रमुख के लिए बच्चों की संख्या से जुड़ी बाध्यता नहीं रहेगी
- 1990 में जनसंख्या नियंत्रण के उद्देश्य से यह कानून बनाया गया था और अब करीब 30 साल बाद भाजपा की ही सरकार इसमें बदलाव कर रही है

05. जयपुर के बॉक्सर आर्यन यादव ने अखिल भारतीय इंटर यूनिवर्सिटी गेम्स 2026 में कौनसा पदक जीता है?

(A) स्वर्ण पदक

(B) रजत पदक

(C) कांस्य पदक

(D) कोई पदक नहीं



**Important Facts:**

- जयपुर के बॉक्सर आर्यन यादव ने अखिल भारतीय इंटर यूनिवर्सिटी गेम्स 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 75 किलो कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीता।
- यह प्रतियोगिता 1 से 8 मार्च तक कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में आयोजित हुई थी।
- आर्यन वर्तमान में साई के एनसीओई रोहतक में अपने पिता और कोच हरिओम यादव के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रहे हैं।
- राजस्थान बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

# Sujas QUIZ

जयपुर, रविवार, 08 मार्च, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-18

1. **वन** एवं पर्यावरण विभाग की घोषणा के अनुसार, राज्य के प्रत्येक जिले में कितनी 'श्रीराम वाटिका' विकसित की जाएंगी?
(A) 1 (B) 2
(C) 3 (D) 4

2. **राजस्थान** में भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा कहां स्थापित करने की घोषणा की गई है?
(A) अलवर (B) सवाई माधोपुर
(C) धौलपुर (D) शाहपुरा (जयपुर)

3. **'एक** जिला-एक प्रजाति' कार्यक्रम के तहत राज्य के प्रत्येक जिले में क्या स्थापित किया जाएगा?
(A) नया अभयारण्य
(B) निर्धारित प्रजाति का बीज वन
(C) स्मृति वन
(D) बॉटनिकल गार्डन

4. **राज्य** के युवाओं को 'नेचर गाइड' का प्रशिक्षण किस संस्थान की शाखा द्वारा दिया जाएगा?
(A) राजस्थान वानिकी एवं वन्यजीव प्रशिक्षण संस्थान, जयपुर
(B) राजस्थान वानिकी एवं वन्यजीव प्रशिक्षण संस्थान, जोधपुर
(C) राजस्थान वानिकी एवं वन्यजीव प्रशिक्षण संस्थान, अलवर
(D) राजस्थान वानिकी एवं वन्यजीव प्रशिक्षण संस्थान, उदयपुर

5. **राज्य** बजट 2026-27 में अरावली के संरक्षण, पौधारोपण और नदियों के उद्गम स्थलों के रखरखाव के लिए कितनी राशि का आवंटन किया गया है?
(A) 100 करोड़ रुपये
(B) 130 करोड़ रुपये
(C) 150 करोड़ रुपये
(D) 180 करोड़ रुपये

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान के किस जिले में पश्चिमी राजस्थान का पहला अत्याधुनिक रीजनल कैंसर इंस्टीट्यूट बनेगा?**

**(A) बीकानेर**

**(B) जोधपुर**

**(C) जैसलमेर**

**(D) बालोतरा**

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

GK
Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine